an>

Title: Need to give computerization to farmers for crop damaged caused due to break in canal embankments.

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने क्षेत्र के किसानों की एक बहुत ही ज्वलंत, तात्कालिक लोक महत्व की कठिनाई सदन में रखना चाहता हूं। हमारे क्षेत्र में किसानों ने बड़ी मुश्किल से गेहूं की थोड़ी फसल तैयार की थी, लेकिन चन्द्रप्रभा नहर का तटबंध टूट गया, जिसकी वजह से 200 बीघा जमीन डूब गयीं। फिर भी नहर विभाग नहीं चेता, जिसके कारण कल भूपौली पम्प केनाल की जनौली और कवई पहाड़पुर का तटबंध कल टूट गया। वहां आज फसलें बुरी तरह से नष्ट हो गयीं। किसान त्राहि-त्राहि कर रहे हैं और सड़कों पर धरना दे रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया जाये कि वह किसानों की क्षतिपूर्ति का आंकलन कर उन्हें क्षतिपूर्ति मुआवजा प्रदान करे। ये वहां की मुख्य नहरें हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार इन तटबंधों के रोज-रोज टूटने की घटना पर मुकम्मिल रोक लगाने की व्यवस्था करे। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।